8 द ग्रेटर मुंबई
मुंबई : सोमवार 06 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025

समाचार

ओरिएंटल कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च में एकदिवसीय सेमिनार-कम-कार्यशाला का आयोजन...

मुंबई, 4 अक्टूबर 2025 – ओरिएंटल कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च के आईक्यूएसी (क्दअउ) तथा एनईपी (ठएढ) सेल के तत्वावधान में "Iffovtive Techifg Methodologies fd Experieftil Lerfifg" विषय पर एकदिवसीय सेमिनार-कम-कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के सेमिनार हॉल में बी. एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की प्राचार्या डा. प्रियांका पांडेय के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला के मुख्य विशेषज्ञ वक्ता श्री दुर्गमगे उपाध्याय, बक्सर (बिहार) से आमंत्रित किए गए थे, जिन्होंने शिक्षण की नवीन विधियों

एवं अनुभवजन्य अधिगम के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न शिक्षण विधियों का प्रत्यक्ष अनुभव कराते हुए बताया कि कैसे सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक एवं सार्थक बनाया जा सकता है।कार्यक्रम का शुभारंभ डा. विनायक शिंदे के स्वागत भाषण से हुआ, जिसके पश्चात डा. प्रियांका पांडेय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (**NEP 2020**) की रूपरेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात श्री दुर्गमगे उपाध्याय ने अपनी कार्यशाला द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षण में रचनात्मकता एवं नवाचार के महत्व से अवगत कराया।

कार्यक्रम के आयोजन में डा. वीना कसबे एवं श्रीमती अनीता यादव ने विशेष भूमिका निभाई। अंत में विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।इस प्रकार यह सेमिनार-कम-कार्यशाला शिक्षण के क्षेत्र में नवाचार और अनुभवजन्य अधिगम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।